महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर

पन्द्रहवाँ दीक्षांत समारोह (20.12.2021)

स्थान : स्वामी विवेकानंद सभागार, विश्वविद्यालय परिसर

उपाधि व पदक प्राप्तकर्त्ताओं को समारोह सम्बन्धी निर्देश

(I) समस्त उपाधिधारकों को दिनांक 19.12.2021 को प्रातः 11 बजे डेयरी एवं खाद्य विज्ञान प्रौद्योगिकी महाविद्यालय (सी.डी.एफ.टी.) में आकर अपना बैज एवं स्टाल प्राप्त करना है तथा उपस्थिति दर्ज करानी है।

(II) दिनांक 19.12.2021 को दोपहर 2.00 बजे स्वामी विवेकानंद सभागार विश्वविद्यालय प्रांगण में उपस्थित हो कर पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) में सभी को भाग लेना अनिवार्य है अन्यथा अगले दिन मुख्य समारोह में भाग नहीं लेने दिया जायेगा।

(III) विद्यावाचस्पति उपाधिधारकों व स्वर्ण पदक विजेताओं को अपने परिवार के दो सदस्यों (माता/पिता/भाई/बहिन) को दीक्षांत समारोह में लाने की अनुमति है, जिस हेतु 19.12.2021 को सी.डी.एफ.टी. में स्टाफ से पास लेना आवश्यक है। पास के अभाव में पारिवारिक सदस्यों को समारोह में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

दिनांक 20.12.2021 के मुख्य समारोह सम्बन्धी विशेष निर्देश

1. समस्त उपाधिधारकों व पदक विजेताओं को 20.12.2021 को प्रातः 11:00 बजे तक सभागार में प्रवेश लेकर अपनी आरक्षित सीट पर स्थान ग्रहण करना आवश्यक है।
2. समारोह में बच्चों का प्रवेश वर्जित है।
3. समारोह में मोबाइल व कैमरा लाने पर पूर्ण प्रतिबन्ध है। ऐसा करने पर मोबाइल/कैमरा अपनी स्वयं की जिम्मेदारी पर सभागार के बाहर रखना होगा।
4. समारोह में स्वयं या परिवारजन द्वारा व्यक्तिगत फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी पूर्णरूप से वर्जित है। ऐसा करने का प्रयास करने पर प्रशासन कठोर कार्यवाही करेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी।
5. समारोह के दौरान आपस में बातचीत नहीं करें ताकि समारोह में व्यवधान न हो।
6. समारोह के आरम्भ में माननीय राज्यपाल महोदय के साथ अकादमिक प्रोसेशन का सभागार में प्रवेश होगा, इस समय सभी को खड़े रहना है।
7. माननीय राज्यपाल महोदय के मंच पर आगमन पर राष्ट्रगान होगा। इसके बाद राज्यपाल महोदय द्वारा आसन ग्रहण करने के बाद ही आप अपना स्थान ग्रहण करें। इसके बाद कुलगीत वादन के दौरान अपने स्थान पर बैठे रहें।
8. परीक्षा नियंत्रक द्वारा स्नातक उपाधिधारकों को अपने स्थान पर खड़े रहने का निर्देश मिलने पर सभी संकाय के बी.एससी./बी.एफ.एस.सी./बी.टेक. के उपाधिधारकों को दीक्षा लेने हेतु खड़े होना है। राज्यपाल महोदय द्वारा दीक्षा देने के बाद सभी को पुनः बैठना है।
9. परीक्षा नियंत्रक द्वारा निष्णात् उपाधिधारकों को अपने स्थान पर खड़े रहने का निर्देश मिलने पर सभी संकाय के एम.टेक./एम.एससो./एम.एफ.एस.सी. के उपाधिधारकों को दीक्षा लेने हेतु खड़े होना है। राज्यपाल महोदय द्वारा दीक्षा देने के बाद सभी को पुनः बैठना है।
10. परीक्षा नियंत्रक द्वारा विद्यावाचस्पति उपाधिधारकों को अपने स्थान पर खड़े रहने का निर्देश मिलने पर कृषि/प्रौद्योगिकी/गृह–विज्ञान/समुदाय विज्ञान/मात्स्यकी संकाय के विद्यावाचस्पति उपाधिधारकों को दीक्षा लेने हेतु खड़े होना है।
11. परीक्षा नियंत्रक द्वारा विद्यावाचस्पति उपाधिधारकों को पुकारने पर कतार में एक के बाद मंच पर आकर उपाधि ग्रहण करनी है।
12. इसके बाद कुलसचिव द्वारा स्वर्ण–पदक विजेताओं को पुकारने पर कतार में एक के बाद एक करके मंच पर आकर पदक ग्रहण करना है।
13. समारोह के अंतिम चरण में राष्ट्रगान हेतु सभी को अपने स्थान पर खड़े होना है तथा अकादमिक प्रोसेशन के सभागार से वापसी तक खड़े रहना है।
14. दीक्षांत समारोह की समाप्ति पर, प्रौद्योगिकी, कृषि, गृह–विज्ञान, समुदाय विज्ञान, मात्स्यकी के स्नातक व स्नातकोत्तर के उपाधि धारक अपनी उपाधि डेयरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के कमरा नं. 105 से अपराह्न 3 से 5 बजे के मध्य प्राप्त कर सकेंगे।

मन्वयक–दीक्षांत समारोह